# जागृति

शिवानी: हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं का सम्पोषण एवं समन्वय केंद्र

"द्विवार्षिक सूचनापत्र" खंड 1, अंक 2 (जनवरी - जून 2023)

# JAGRITI

SHIVANI CENTRE FOR NURTURE AND REINTEGRATION OF HINDI AND OTHER INDIAN LANGUAGES

"Bi-Annual Newsletter" volume 2, Issue 1 (January - June 2023)




Mr. Muktesh Pant's visit at IIT Kanpur -14 February 2023

## विषयसूची

### आयोजन


अनन्तिनी.... 02-03
विश्व हिंदी दिवस.... 03-04
वांग्मय.... 04-05


### कार्यशालाएँ


हिंदी साहित्य में सृजनात्मक रचना.... 06
कथा: कहानी लेखन की कला.... 06-07


### गतिविधियाँ


कक्षा 1976 का एकीकरण.... 08
पी जी उन्मुखीकरण.... 08-09
प्रतीक रचना प्रतियोगिता.... 09


### हिंदी में पाठ्यक्रम और वीडिओ


हिंदी व्याकरण सम्बंधित वीडिओ.... 10
संकाय द्वारा तैयार की गयी शैक्षणिक सामग्री.... 10-12

**आगामी आयोजन**.... 12-13

**कर्मचारी सदस्य और संपर्क**.... 14


## Table of contents

### Events


Anantini... 02-03
Vishwa Hindi Diwas.... 03-04
Vañgmay.... 04-05


### Workshops


Creation of Compositions in Hindi Literature.... 06
Katha: The Art of Story Writing.... 06-07


### Activities


Reunion of Class 1976.... 08
PG Orientation.... 08-09
Logo Competition.... 09


### Courses & Videos in Hindi


Content prepared on learning of Hindi Grammar.... 10
Academic Content by Faculty.... 10-12

**Upcoming Events**.... 12-13

**Staff Members & Contacts**.... 14

## अनंतिनी - काव्य संध्या -05 जनवरी 2023

शिवानी सेंटर, राजभाषा प्रकोष्ठ, हिंदी साहित्य सभा, और 'गाथा' - एक ऑडियो होस्टिंग मंच, ने संयुक्त रूप से काव्य संध्या - "अनंतिनी" का आयोजन किया। इस कवि सम्मेलन को श्री नरेश सक्सेना, श्री राजेश रेड्डी, श्री अरूण कमल, श्री यश मालविया सहित 10 अन्य सर्वश्रेष्ठ समकालीन कवियों ने सुशोभित किया। इस कार्यक्रम में सभा का संचालन श्री व्योमेश शुक्ल द्वारा तथा अध्यक्षता वरिष्ठ कवि श्री नरेश सक्सेना द्वारा की गयी। इसके अतिरिक्त कवि श्री पंकज चतुर्वेदी, श्री व्योमेश शुक्ल, श्री शोएब निज़ाम, श्री यश मालवीय, श्री राजेश रेड्डी एवं सुश्री अनिता वर्मा ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



Mr. Naresh Saxena being felicitated by Prof. Siddharth Panda

इसके साथ, श्री शुभम श्याम, एक युवा कवि, को इस सत्र के माध्यम से अपने आकर्षक कविता पाठ कौशल का प्रदर्शन करने और युवा दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने का अवसर प्राप्त हुआ। उनकी कविताओं के पाठ से सभागार में एक अलग मनोरम माहौल बन गया।



Ms. Sushila Puri being felicitated at Anantani-Kavya Sandhya

कलाकारों ने अपनी शानदार कविताओं के पाठ से पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके इस प्रदर्शन पर करतल ध्वनि के साथ ज़ोरदार तालियों से संपूर्ण सभागार गूंज उठा।

## Anantini – Kavya Sandhya -05 January 2023

Shivani Centre, Rajbhasha Prakoshth, Hindi Sahitya Sabha, and 'Gaatha'- an audio hosting platform, jointly organized Anantini – Kavya Sandhya, which was adorned by the 10 best contemporary poets in Hindi, including Mr. Naresh Saxena, Mr. Rajesh Reddy, Mr. Arun Kamal, Mr. Yash Malvia, and others.

At the event, Mr. Vyomesh Shukl conducted the gathering, and senior poet Mr. Naresh Saxena presided over it. In addition, poets Mr. Pankaj Chaturvedi, Mr. Vyomesh Shukla, Mr. Shoaib Nizam, Mr. Yash Malviya, Mr. Rajesh Reddy, and Ms. Anita Verma mesmerised the audience with their soulful performances.



Mr. Vyomesh Shukl at Anantini-Kavya Sandhya

Further, Mr. Shubham Shyam, a young poet, had the opportunity to showcase his appealing poetry recitation skills and catch the attention of the youth audience through this session, as his poems produced a distinct and captivating atmosphere in the auditorium.




Performers at Anantini-Kavya Sandhya

The performers enthralled the entire auditorium with the recitation of their magnificent poems, which were met with a loud ovation.

# Events / आयोजन

इसके अलावा, कुछ आईआईटी कानपुर के संकायों और छात्रों ने दर्शकों के सामने अपनी रचनाओं का प्रदर्शन किया। कवि सम्मेलन का समापन श्री नरेश सक्सेना के शानदार काव्य पाठ तथा आशीर्वाद के साथ हुआ।
इस प्रकार, 'अनंतिनी' कवि सम्मेलन एक सफल और आकर्षक कार्यक्रम साबित हुआ और इसने न केवल हमारे देश के प्रसिद्ध कलाकारों को बल्कि कैंपस समुदाय के इच्छुक कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया।

Some IIT Kanpur faculties and students also performed in front of the crowd with their compositions. The Kavi Sammelan concluded with a fabulous poetry recitation and blessings from Mr. Naresh Saxena.
Thus, the "Anantini" Kavi Sammelan turned out to be a successful and appealing event and provided a platform for not only renowned artists from our country but also aspiring artists within the campus community to showcase their talents.



Prof. Santosh Misra at Anantini-Kavya Sandhya


Participants of Anantini-Kavya Sandhya

## विश्व हिंदी दिवस -11 जनवरी, 2023

## Vishwa Hindi Diwas -11 January 2023




A few snapshots of "Vishwa Hindi Diwas"

विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर, राजभाषा प्रकोष्ठ (हिंदी सेल) ने शिवानी केंद्र के सहयोग से 'हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में विज्ञान और तकनीकी शिक्षा: समस्याएँ और समाधान' विषय पर एक 'पैनल चर्चा' का आयोजन किया। चर्चा के 'पैनलिस्ट' सदस्यों में संस्थान के प्रतिष्ठित प्रोफेसर जैसे प्रो. अविनाश अग्रवाल, प्रो. अर्नभ भट्टाचार्य, प्रो. नचिकेता तिवारी और प्रो. मनोज के. हरबोला के साथ-साथ कानपुर के दो प्रमुख स्कूलों के प्रधान अध्यापक शामिल थे, जिन्होंने इस विषय पर अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत किए।

On the occasion of Vishwa Hindi Diwas, Raj Bhasha Prakoshth (Hindi cell) in collaboration with Shivani Centre organised a panel discussion on the topic 'Science & Technical Education in Hindi and Other Indian Languages: Problems and Solutions'. The panellists for the discussion included eminent professors from the institute such as Prof. Avinash Agarwal, Prof. Arnabh Bhattacharya, Prof. Nachiketa Tiwari, and Prof. Manoj K. Harbola, as well as principals of two reputed schools from Kanpur who presented their perspectives on the subject.

चर्चा इस धारणा पर केंद्रित थी कि यदि हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों को अपनी मूल भाषा में बोलते और सीखते हैं, तो नवाचार की क्षमता बहुत अधिक होने के आसार है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सदस्यों के बीच हुई चर्चा के मुताबिक, ऐसे लोग जो की अंग्रेजी भाषा में पारंगत नहीं होते हैं, वे भी उतने ही रचनात्मक होते हैं, जितना की अंग्रेजी भाषा में पारंगत लोग होते हैं। इसके अलावा, यह कहा गया कि यह विषय केवल हमारी मूल भाषा को उचित अधिकार और मान्यता देने को लेकर ही नहीं, बल्कि यह समावेशिता का भी विषय है। चर्चा में इस बात पर जोर दिया गया कि भारत तब तक विकसित देश नहीं बन सकता जब तक देश के हर हिस्से के लोग विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में अपनी दिमागी ताकत का योगदान नहीं देते।

इस प्रकार इस सत्र के द्वारा, यह निष्कर्ष निकाला गया कि न केवल अंग्रेजी भाषा में, बल्कि अपनी मूल भाषा में भी विज्ञान और प्रौद्योगिकी सीखने की सुविधाएँ प्रदान करना अनुसंधान और प्रौद्योगिकी की उन्नति के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है, जिससे अंततः हमारे देश की प्रगति होगी।

The discussion focused on the notion that if we speak and learn science and technology in our native language, the innovation potential is enormous. According to the conversation, people who do not speak English are just as creative as those who do. In addition, it was stated that it is not just about giving our native language due rights and recognition; it is also about inclusivity. The discussion insisted on the fact that India cannot become a developed country unless people from every part of the country contribute their brainpower to sectors such as science and technology.

Thus, it was concluded that providing facilities for learning science and technology not only in English but also in our own native language can be immensely advantageous for the advancement of research and technology, which will eventually benefit our nation.

## "वांगमय" - एक शाम मराठी साहित्यकारों के साथ -06 मई, 2023



Prof. Ashutosh Potdar being felicitated by Prof. Abhay Karandikar

आई आई टी कानपुर के "शिवानी: हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं का संपोषण एवं समन्वय केन्द्र" ने एल-17, आई आई टी कानपुर में 'वांगमय - एक शाम मराठी साहित्यकारों के साथ' कार्यक्रम का आयोजन किया। यह अवसर सुप्रसिद्ध मराठी संस्करण 'नवल ' के लेखक प्रोफेसर प्रशांत बगड़ के सम्मान समारोह का प्रतीक था।

## Vañgmay - An Evening with Marathi Litterateurs -06 May 2023




Prof. Prashant Bagad being felicitated by Prof. Abhay Karandikar and Prof. Kantesh Balani

"Shivani Centre for the Nurture & Re-Integration of Hindi and Other Indian Languages" at IIT Kanpur hosted the event, "Vañgmay -An Evening with Marathi Litterateurs". The occasion marked the felicitation ceremony for Professor Prashant Bagad, author of a well-known Marathi edition 'Naval'.

# Events / आयोजन

प्रोफेसर कांतेश बालानी द्वारा इस कार्यक्रम की शुरुवात एक स्वागत भाषण के साथ की गयी, जिसके बाद आई आई टी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर अभय करंदीकर ने मराठी भाषा एवं संस्कृति पर अपनी कुछ विशेष टिप्पणियाँ दीं।
इसके बाद 'फ्लेम' विश्वविद्यालय, पुणे के प्रसिद्ध मराठी लेखक और प्रशंसित नाटककार- प्रो. आशुतोष पोद्दार ने "समकालीन मराठी साहित्य" पर भाषण दिया तथा इस विषय पर अपने विचार साझा किये। उनकी इस प्रस्तुति ने दर्शकों को मराठी साहित्य के आकर्षक क्षेत्र से अवगत कराया।
इसके पश्चात, "एक्सप्लोरिंग द माइंड ऑफ़ एन ऑथर" पर एक पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें साहित्यिक मराठी हस्तियों जैसे प्रो. आशुतोष पोद्दार, प्रो. प्रशांत बागड़, और प्रो. चिन्मय धरूरकर जैसे मान्यता प्राप्त लेखकों ने भाग लिया। इस सत्र ने मराठी साहित्य के समकालीन महत्व के बारे में दर्शकों के ज्ञान को बढ़ाया।
इसके अलावा आई आई टी कानपुर के छात्रों ने मराठी में सांस्कृतिक कार्यक्रम की एक खूबसूरत प्रस्तुति दी। दर्शकों ने उनके इस प्रदर्शन को खूब सराहा।

Prof. Kantesh Balani opened the event with a welcoming note, which was followed by a few remarks on Marathi language and culture from Prof. Abhay Karandikar, Director of IIT Kanpur.
A talk on "Contemporary Marathi Literature" was then delivered by Prof. Ashutosh Potdar, FLAME University, Pune, an eminent Marathi author and an acclaimed playwright. His presentation immersed the audience in the fascinating realm of Marathi literature.
Later, a panel discussion on "Exploring the Mind of an Author" was conducted, in which literary Marathi figures and recognised authors such as Prof. Ashutosh Potdar, Prof. Prashant Bagad, and Prof. Chinmay Dharurkar participated. This session raised the audience's knowledge of the contemporary significance of Marathi literature.
In addition, students from IIT Kanpur presented a cultural performance in Marathi. The audience expressed its utmost appreciation for the performance.



Prof. Ark Verma felicitating Mr. Kedar (a student) on his performance in the cultural session of Vañgmay



Team of Shivani Centre at Event - Vañgmay

अंत में प्रो. अर्क वर्मा ने कार्यक्रम पर समापन टिप्पणी और प्रशंसा प्रस्ताव प्रदान किया।
इस प्रकार, इस खूबसूरत शाम ने न केवल दर्शकों को मराठी साहित्य और संस्कृति से भली - भाँति अवगत कराया, बल्कि मराठी भाषा के प्रति, जो की हमारे देश और आई आई टी कैंपस के परिसर की प्रमुख भाषाओं में से एक है, लोगों में गर्व पैदा किया।

Prof. Ark Verma provided closing remarks and a vote of appreciation at the conclusion of the event.
Thus, the evening exposed the audience to Marathi literature and culture while instilling pride in one of the country's and the campus's prominent languages.

# Workshops / कार्यशालाएँ

## हिन्दी साहित्य में सृजनात्मक लेखन - 05 मई, 2023



Participants of the workshop: Creation of compositions in Hindi literature

आई आई टी कानपुर में "शिवानी: हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं का संपोषण एवं समन्वय केन्द्र" ने हिंदी साहित्य में रचनाओं के सृजन पर आधारित एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला की वक्ता - श्रीमती शिप्रा सिंह, एक प्रमुख हिंदी काव्य लेखिका एवं 'राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था-शब्दाक्षर', कानपुर और 'शिक्षा सोपान पुस्तकालय', आई आई टी कानपुर की सक्रिय सदस्य हैं।

उन्होंने कविता लेखन की बुनियादी युक्तियों के साथ-साथ उन सिद्धांतों के बारे में भी बताया जिनका कविता लिखते समय अनुसरण किया जाना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं, जैसे छंद, गज़ल और शायरी को कैसे लिखा जाए, पर चर्चा की और कविता के विभिन्न रूपों के बीच भेद को स्पष्ट किया।

श्रीमती शिप्रा सिंह जी द्वारा दिया गया हिंदी साहित्य में रचनात्मक लेखन पर व्याख्यान बेहद दिलचस्प एवं जानकारीपूर्ण साबित हुआ तथा प्रतिभागियों द्वारा इसे खूब सराहा गया।

## Creation of compositions in Hindi Literature - 05 May 2023

"Shivani Centre for the Nurture & Re-Integration of Hindi and Other Indian Languages" at IIT Kanpur organized a workshop based on the creation of compositions in Hindi literature on May 5, 2023. The speaker for this workshop was Ms. Shipra Singh, a prominent Hindi poetry writer and active member of "Rashtriya Sahityik Sanstha-Shabdakshar", Kanpur, and "Shiksha Sopan Pustakalay", IIT Kanpur.

She explained the fundamental strategies as well as the principles that should be followed while composing a poem. Besides, she discussed the various genres of Hindi literature, such as how to write 'chhand', 'gazal', and shayari', and elucidated the distinctions between the various forms of poetry.

The discourse was extremely informative and was well-received and admired by the participants.



Ms. Shipra Singh being felicitated by Prof. Kantesh Balani

## कथा: कहानी लेखन कला - 21 मई, 2023

आई आई टी कानपुर के "शिवानी: हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं का संपोषण एवं समन्वय केन्द्र" ने L-8 (व्याख्यान हॉल परिसर) में कार्यशाला, 'कथा: कहानी लेखन कला' का आयोजन किया। यह कार्यशाला हिंदी और अंग्रेजी साहित्य में रचनात्मक लेखन पर केंद्रित थी और इसका उद्देश्य इच्छुक लेखकों को प्रेरित करना था।

## Katha: The Art of Story Writing -21 May 2023

"Shivani Centre for the Nurture & Re-Integration of Hindi and Other Indian Languages" hosted "Katha – The Art of Story Writing" at L-8 (Lecture Hall complex). The workshop focused on creative writing in Hindi and English literature and was intended to inspire aspiring writers.

# Workshops / कार्यशालाएँ



Participants of “Katha: The Art of Story Writing”

प्रोफेसर कांतेश बालानी द्वारा इस कार्यक्रम की शुरुवात एक स्वागत भाषण के साथ किया गया , जिसके बाद आई आई टी कानपुर के प्रशासन के डीन, प्रोफेसर ब्रज भूषण द्वारा इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। साथ ही उन्होंने रचनात्मक लेखन के महत्व के बारे में अपने कुछ विशेष सुझाव दिए। उन्होंने बताया की किस तरह से हम कहानी लेखन का उपयोग अपने विचारों और भावनाओं को एक अनोखे और व्यक्तिगत तरीके से व्यक्त करने के लिए कर सकते हैं।

इसके पश्चात, श्रीमती ममता नैनी, जो एक प्रशंसित अंग्रेजी और हिंदी लेखिका और अनुवादक हैं, उनके द्वारा "साहित्य और रचनात्मक लेखन के चमत्कार" पर एक वार्ता का संचालन हुआ। इस सत्र ने दर्शकों को अंग्रेजी और हिंदी साहित्य के समकालीन महत्व के बारे में जानकारी दी।

इसके उपरांत "हिंदी साहित्य में रचनात्मक लेखन" पर, प्रख्यात हिंदी कवि और आलोचक डॉ. पंकज चतुर्वेदी के द्वारा एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया गया। उनकी इस प्रस्तुति ने दर्शकों को हिंदी साहित्य के विशाल क्षेत्र से भलीभांति अवगत कराया तथा उनके द्वारा प्रस्तुत किये गए व्याख्यान को सभी ने खूब सराहा।

अंत में प्रो. अर्क वर्मा ने कार्यक्रम के समापन पर समापन भाषण और धन्यवाद ज्ञापन दिया।

अतः इस कार्यक्रम के माध्यम से दर्शकों को हिंदी और अंग्रेजी भाषा में कहानियाँ, कविताएँ, गद्य, और साहित्य की अन्य विधाओं में अपनी रचनात्मकता को उजागर करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया गया।

Prof. Kantesh Balani opened the event with a welcoming note, which was followed by the inauguration by Prof. Braj Bhushan, Dean of Administration, IIT Kanpur. He made a few remarks about the significance of creative writing as a powerful tool that can be used to express thoughts, feelings, and ideas in a unique and personal way.

A talk on "Wonders of Literature and Creative Writing" was conducted by Ms. Mamta Nainy, an acclaimed English and Hindi writer and translator. This session raised the audience's knowledge of the contemporary significance of English and Hindi literature.

Later, a talk on "Creative Writing in Hindi Literature" was delivered by Dr. Pankaj Chaturvedi, an eminent Hindi poet and critic. His presentation enthralled the audience with the fascinating realm of Hindi literature.

Prof. Ark Verma provided closing remarks and a vote of appreciation at the conclusion of the event.

Thus, the occasion offered the audience a unique opportunity to get immersed in the magic of writing their own compositions like stories, poems, prose, and other genres of literature in both Hindi and English and unleash their creativity.

# गतिविधियाँ /Activities

## कक्षा 1976 का एकीकरण -14 फरवरी 2023



Inaugural of second issue of newsletter **'Jagriti'**

इस आयोजन में प्रोफेसर कांतेश बालानी द्वारा एक प्रस्तुति दी गई जिसमें शिवानी केंद्र द्वारा अब तक आयोजित किए गए कार्यक्रमों का संक्षिप्त और सटीक सारांश दिया गया। साथ ही, सत्र के दौरान न्यूज़लेटर 'जागृति' के दूसरे अंक का लोकार्पण श्री मुक्तेश पंत द्वारा किया गया।

इसके अलावा, डॉ. पंकज चतुर्वेदी और डॉ. राकेश शुक्ला को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया, जिन्होंने शिवानी जी के जीवन और हिंदी साहित्य में उनके काम के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही इस सत्र में उन्होंने 20वीं सदी में भारतीय महिला-केंद्रित कथा लेखन में शिवानी जी की अग्रणी यात्रा की एक झलक दी।

प्रोफेसर बालानी द्वारा दी गई प्रस्तुति और इस सत्र में आमंत्रित वक्ताओं द्वारा दिए गए व्याख्यान को दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया।

## Reunion of Class 1976 -14 February 2023



Mr. Muktesh Pant addressing at the **"Reunion of batch 1976"**

A presentation was delivered by Prof. Kantesh Balani in which a brief and precise summary of events that have been organised by the Shivani Centre till now was given. Also, the second issue of the Newsletter "Jagriti" was inaugurated by Mr. Muktesh Pant during the session.

In addition, Dr. Pankaj Chaturvedi and Dr. Rakesh Shukla were invited as speakers who highlighted the life of Shivani Ji and the significance of her work in Hindi literature. They gave a glimpse of the pioneering journey of Shivani Ji in writing Indian women-centric fiction in the 20th century.

The presentation delivered by Prof. Balani and the invited speakers' session to the Class of 1976 were well received by the audience.

## पी जी ओरिएंटेशन -04 जनवरी 2023



Prof. Anjan Gupta felicitating the speaker, Ms. Maitreyi Agarwal

## PG Orientation -04 January 2023




A student participating in the query session

# गतिविधियाँ /Activities

पी जी ओरिएंटेशन के दौरान शिवानी केंद्र के सदस्यों द्वारा एक प्रभावशाली प्रस्तुति दी गयी, जिसमें उन्होंने इस केंद्र के लक्ष्य पर चर्चा की और इस बात पर प्रकाश डाला की यह केंद्र किस प्रकार से नए प्रवेशित छात्रों को कक्षा में अधिक प्रभावी ढंग से पाठ्यक्रम को समझने के लिए भाषा और व्यक्तिगत बाधाओं को दूर करने में मदद करने में प्रभावी सिद्ध होगा।

इस सत्र के द्वारा, आई आई टी कानपुर में नवागंतुकों को व्यक्तिगत या भाषाई बाधाओं पर काबू पाने के लिए किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर शिवानी केंद्र से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा यह स्पष्ट किया गया की केंद्र में छात्रों की सक्रिय भागीदारी द्वारा छात्रों और संस्थान दोनों के शैक्षणिक विकास में सहायता मिलेगी।

The team from Shivani Centre gave a presentation in which they discussed the Centre's goal and how it helps students overcome language and personal hurdles to learn more effectively in the classroom.

This provided an opportunity for the newcomers at IIT Kanpur to approach Shivani Centre in case they needed any kind of assistance overcoming personal or linguistic barriers, which might lead to rapid academic growth for both the students and the institute.

## प्रतीक चिन्ह प्रतियोगिता -22 दिसंबर 2022 - 7 जनवरी 2023

शिवानी केंद्र के प्रतीक चिन्ह की रचना हेतु 22 दिसंबर, 2022 से 7 जनवरी, 2023 तक एक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता का लक्ष्य, संचार के विभिन्न साधनों के रूप में देश भर में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं की प्रासंगिकता तथा इन भाषाओं का हमें एक दूसरे से जोड़े रखने में सहयोग को उजागर करना था।

उल्लेख की गयी प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रस्तुतियाँ प्राप्त की गयीं तथा जजों के निर्णय से शिवानी केंद्र के प्रतीक चिन्ह के विजेता को चुना गया।

## Logo Competition -22 December 2022 - 07 January 2023

A competition for the design of the logo for Shivani Centre was launched from December 22nd, 2022, until January 7th, 2023. The goal of this competition was to highlight the relevance of the various languages that are spoken across the country as a way of communication and as a means of assisting us in connecting with one another.

A large number of submissions were received, and the winning logo design was chosen.



Shaurya Pratap Singh (Winner)

Selected logo for Shivani Centre

Consolation prize winners

# हिंदी में पाठ्यक्रम और वीडियो/Courses and Videos in Hindi


## हिंदी व्याकरण सम्बंधित वीडियो

हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में बुनियादी व्याकरण की अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए कुछ वीडियो (सुश्री मैत्रेयी अग्रवाल द्वारा) तैयार किये गए हैं। निम्नलिखित वीडियो क्लिप शिवानी सेंटर वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं:

## Hindi grammar related videos

A few videos have been prepared by Ms. Maitreyi Agarwal in which concepts of basic grammar have been explained in both Hindi and English languages. The following video clips have been uploaded on the Shivani Centre website:




Video links \ वीडियो लिंक

01. Verb / क्रिया (English Grammar)
02. Verb / क्रिया (Hindi Grammar)
03. Adverb (क्रिया विशेषण)
04. Figure of speech (अलंकार)

## संकाय द्वारा तैयार की गयी शैक्षणिक सामग्री

संस्थान में कंप्यूटर विज्ञान के संकाय सदस्यों और छात्रों द्वारा ESC101A: कंप्यूटिंग के बुनियादी सिद्धांत के हिंदी-अनुवादित सारांश वीडियो को सकारात्मक रूप से प्राप्त किया गया है।
पाठ्यक्रम सामग्री को समझने में छात्रों की सहायता के लिए निम्नलिखित वीडियो वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं:

## Academic Content by Faculty

The Hindi-translated summary videos of ESC101A: Fundamentals of Computing by faculties and students of Computer Science at the institute have been positively received.
The following videos have been uploaded on the website to assist students in understanding the course content:

## ESC101A - कंप्यूटिंग के मौलिक आधार / Fundamentals of Computing

### परिचय/ Introduction

1. Course Logistics - C programming in Hindi
2. Course Logistics (Part 2) - C programming in Hindi
3. Course Logistics (Part 3) - C programming in Hindi

To access all the videos, please scan the QR Code

सभी वीडियो तक पहुंचने के लिए, कृपया क्यूआर कोड को स्कैन करें

# हिंदी में पाठ्यक्रम और वीडियो/Courses and Videos in Hindi

## प्रकार और एक्सप्रेशन /Types and Expressions

01. Overview of Programming - C programming in Hindi
02. Overview of Programming(Part 2) - C programming in Hindi
03. Overview of Programming(Part 3) - C programming in Hindi
04. Data Types & Variables - C programming in Hindi
05. Data Types & Variables(Part 2)- C programming in Hindi
06. Input/output - C programming in Hindi
07. Input/Output(Part 2) - C programming in Hindi
08. Input/Output(Part 3) - C programming in Hindi

## ऑपरेटर्स और एक्सप्रेशन / Operators and Expressions

01. Operators & Expressions - C programming in Hindi
02. Operator Precedence & Characters - C programming in Hindi
03. Conditional Expressions - C programming in Hindi
04. Conditional Statements I - C programming in Hindi
05. Conditional Statements II - C programming in Hindi
06. Conditional Statements III - C programming in Hindi
07. Switch Statement - C programming in Hindi
08. Short Circuit Evaluation - C programming in Hindi

## लूप /Loops

01. While Loop - C programming in Hindi
02. While Loop Examples - C programming in Hindi
03. Do While Loops - C programming in Hindi
04. For Loops - C programming in Hindi
05. Overflow in Variables - C programming in Hindi
06. Nested Loops - C programming in Hindi
07. Assignment & Ternary Operator - C programming in Hindi
08. Scope of Variables I - C programming in Hindi
09. Break & Continue - C programming in Hindi

## कार्य /Functions

01. Functions Introduction - C programming in Hindi
02. Functions Arguments - C programming in Hindi
03. Functions Calls - C programming in Hindi
04. Functions Evaluation - C programming in Hindi
05. Scope of Variables II - C programming in Hindi
06. Globals & Statics - C programming in Hindi

## सरणी/ Arrays

01. Arrays Basics - C programming in Hindi
02. Arrays Examples - C programming in Hindi
03. Arrays as Function Arguments - C programming in Hindi
04. Arrays as Function Arguments(Part 2) - C programming in Hindi
05. Arrays as Function Arguments(Part 3) - C programming in Hindi
06. Arrays as Function Arguments(Part 4) - C programming in Hindi
07. Arrays Examples(Part 2) - C programming in Hindi

## स्ट्रिंग्स /Strings

01. Strings Basics - C programming in Hindi
02. Strings (Part 2) - C programming in Hindi
03. Strings Functions - C programming in Hindi
04. Recap + Problem Solving - C programming in Hindi
05. Recap + Problem Solving (Part 2) - C programming in Hindi
06. Functions Revisited - C programming in Hindi

## बहुआयामी सरणी पैरामीटर और स्ट्रिंग्स की सरणी/ Multidimensional Array Parameters and Array of Strings

01. Multidimensional Arrays - C programming in Hindi
02. Dynamic Programming - C programming in Hindi
03. 2D Arrays & Functions - C programming in Hindi

## रिकर्शन /Recursion

01. Recursion Introduction - C programming in Hindi
02. Recursion Examples - C programming in Hindi
03. Recursion Time Analysis - C programming in Hindi
04. Binary Search I - C programming in Hindi
05. Binary Search II - C programming in Hindi
06. Fibончaci numbers - C programming in Hindi
07. Tower of Hanoi - C programming in Hindi

## हिंदी में पाठ्यक्रम और वीडियो/Courses and Videos in Hindi

### पॉइंटस/Pointers

01. Pointers Introduction - C programming in Hindi
02. Pointers as Function Arguments - C programming in Hindi
03. Pointers - Visual Representation - C programming in Hindi
04. Static vs Dynamic Memory Allocation - C programming in Hindi
05. Dynamic Memory Allocation Contd. - C programming in Hindi
06. Dynamic Multidimensional Arrays - C programming in Hindi
07. Dynamic Multidimensional Arrays (Part 2) - C programming in Hindi

### स्ट्रक्चर्स/Structures

01. Enumerations & Structures - C programming in Hindi
02. Structures & Pointers - C programming in Hindi
03. Structures as Function Arguments - C programming in Hindi
04. Data structures & Stack - C programming in Hindi
05. Linked List using Structures - C programming in Hindi
06. Singly & Doubly Linked Lists - C programming in Hindi

### सॉर्टिंग/Sorting

01. Sorting Introduction - C programming in Hindi
02. Selection Sort - C programming in Hindi
03. Merge Sort - C programming in Hindi
04. Quick Sort - C programming in Hindi

### डाटा स्ट्रक्चर्स एंड फाइल हैंडलिंग / Data Structures and File Handling

01. Stacks & Queues - C programming in Hindi
02. Circular Linked Lists and Binary Trees - C programming in Hindi
03. Editors and Compilers - C programming in Hindi
04. Command Line Arguments - C programming in Hindi
05. File Systems in Linux - C programming in Hindi
06. File Handling (Part 1) - C programming in Hindi
07. File Handling (Part 2) - C programming in Hindi

## आगामी आयोजन एवं गतिविधियाँ/Upcoming Events and Activities

### आगामी आयोजन एवं गतिविधियाँ

#### गाथा महोत्सव (जुलाई 2023)

गाथा-एन ऑडियो होस्टिंग प्लेटफार्म, हिंदी सेल और अन्य के सहयोग से यह साहित्यिक उत्सव आई आई टी कानपुर के आउटरीच ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। इस एक दिवसीय उत्सव के दौरान कवि सम्मेलन, कहानी कहने का सत्र, कथा कथान, पैनल चर्चा और सेलिब्रिटी टॉक सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, "नव सृजन-एक ओपन माइक" सत्र का आयोजन होगा, जिसके सहभागियों द्वारा स्व-लिखित रचनाएँ जैसे कविता, कहानियाँ आदि प्रस्तुत की जाएंगी।

#### अल्फ़ाज़ (सितंबर 2023)

शिवानी केंद्र, हिंदी साहित्य सभा और मीडिया सांस्कृतिक परिषद के आपसी सहयोग से साहित्यिक उत्सव 'अल्फ़ाज़' का आयोजन किया जायेगा।

### Upcoming Events & Activities

#### Gatha Mahotsav (July 2023)

In collaboration with Gatha-An audio hosting platform, Hindi Cell, and others, this literary festival will take place at the Outreach Auditorium of IIT Kanpur on July 23, 2023. Several events, including Kavi Sammelan, Story Telling Session, Katha Kathan, Panel Discussion, and Celebrity Talk will be held during this one day festival. In addition, 'Nav Srajan-An Open Mic' session will be held for individuals who wish to present self-written compositions such as poetry, stories, and so on.

#### Alfaaz (September 2023)

Shivani Centre, Hindi Sahitya Sabha, and Media Cultural Council will collaborate to host the literary festival 'Alfaaz'.

# आगामी आयोजन एवं गतिविधियाँ/Upcoming Events and Activities

## हिंदी पखवाड़ा (सितंबर 2023)

हिंदी दिवस के अवसर पर, शिवानी केंद्र, हिंदी साहित्य सभा और हिंदी सेल, संयुक्त रूप से 'हिंदी पखवाड़ा' कार्यक्रम का आयोजन करेंगे, जिसमें पत्र- लेखन प्रतियोगिता, हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिता, कहानी- लेखन प्रतियोगिताएँ जैसी कई प्रतियोगिताएँ होंगी। साथ ही कवि सम्मेलन 'काव्यांजलि' का आयोजन किया जाएगा।

## Hindi Pakhwada (September 2023)

On the occasion of Hindi Diwas, Shivani Centre, Hindi Sahitya Sabha, and Hindi Cell will organise the event 'Hindi Pakhwada', in which several competitions like letter-writing competitions, Hindi dictation competitions, story-writing competitions, and kavi sammelan-'Kavyanjali' will be held.

## अक्षर महोत्सव (अक्टूबर 2023)

शिवानी केंद्र, हिंदी सेल, गाथा - एक ऑडियो होस्टिंग प्लेटफॉर्म और हिंदी साहित्य सभा के संयुक्त सहयोग से, 'अक्षर - आईआई टी कानपुर साहित्यिक महोत्सव' का आयोजन होगा। यह एक तीन दिवसीय महोत्सव होगा। इस वार्षिक उत्सव के दौरान विभिन्न छात्र- केंद्रित प्रतियोगिताएँ, पुस्तक मेले, लेखक वाचन, साहित्यिक और कला कार्यक्रम, कवि सम्मेलन, नाटक और चर्चाओं का आयोजन किया जायेगा।

## Akshar (October2023)

Shivani Centre will jointly organise Akshar - An IIT Kanpur Literature Festival, in collaboration with Hindi Cell, Gaatha – An Audio Hosting platform, and Hindi Sahitya Sabha. This will be a three-day festival. Various student-centric competitions, book fairs, author readings, literary and art engagements, kavi sammelans, plays, and panel discussions will be held during this annual festival.

## संस्थान में निवास करने वाले प्रबुद्ध जनों को आमंत्रण (अक्टूबर / नवंबर )

शिवानी केंद्र, संस्थान में निवास करने वाले प्रबुद्ध जनों को आमंत्रित कर, उनकी भाषाई, अनुवादात्मक, कलात्मक और तकनीकी प्रतिभाओं का उपयोग, कार्यशालाओं और प्रशिक्षण के माध्यम से, आईआईटी कानपुर में अध्ययन कर रहे छात्रों को प्रभावी ढंग से से संलग्न करने के लिए करेगा।

## Inviting scholars-in-residence (October/November)

We intend to invite scholars-in-residence to extend their linguistic, translational, artistic, and technical talents that can be used to effectively engage IIT Kanpur students (through workshops and/or training).

## संकाय द्वारा शैक्षणिक सामग्री को उपलब्ध कराना

संकाय सदस्यों से अनुरोध किया गया है कि वे जुलाई 2023 में 2023-2024 के सेमेस्टर में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों के लिए हिंदी ( या किसी अन्य क्षेत्रीय भाषा) में साप्ताहिक व्याख्यान के वीडियो या एनोटेटेड पाठ्यक्रम सामग्री प्रदान करें। हमारा उद्देश्य, शिवानी केंद्र की वेबसाइट पर ऐसे पाठ्यक्रमों की एक लाइब्रेरी बनाए रखना और उन्हें जरूरतमंद छात्रों के लिए सुलभ बनाना है।

## Academic Content by Faculty

Faculty members are requested to provide videos or annotated course material of weekly lectures in Hindi (or any other regional language) for the courses that they are teaching in the semester of 2023-2024 in July 2023. We intend to maintain a library of such courses on the Shivani Centre's website and make them accessible to students in need.

## स्टाफ़ सदस्य और संपर्क - Staff Members & Contacts



**सुश्री मैत्रेयी अग्रवाल**
(परियोजना प्रबंधक)

**Ms. Maitreyi Agarwal**
(Project Manager)



**श्री जगदीश प्रसाद**
(तकनीकी अधीक्षक)

**Mr. Jagdish Prasad**
(Technical Superintendent)



**श्री. विजय कुमार पांडेय**
(राजभाषा अधिकारी)

**Mr. Vijay Kumar Pandey**
(Hindi Officer)



**सुश्री अल्पना दीक्षित**
(उप परियोजना प्रबंधक)

**Ms. Alpana Dixit**
(Deputy Project Manager)



**श्री गोविन्द शर्मा**
(परियोजना सहायक प्रबंधक)

**Mr. Govind Sharma**
(Assistant Project Manager)



**श्री सुधांशु गौतम**
(परियोजना सहयोगी)

**Mr. Sudhanshu Gautam**
(Project Associate)



**श्री राम पूजन**
(सहायक)

**Mr. Ram Pujan**
(Helper)

## संपर्क


पता: पी ई बी स्कूल, शीर्ष मंजिल
ब्लॉक-एफ (भूतपूर्व पी ई बी मीडिया लैब, ब्लॉक-बी)
आई आई टी कानपुर, उत्तर प्रदेश, भारत - 208016

दूरभाष: 91-512-159-7074 (कार्यालय)


## Contact


Address: Top-floor of PEB School
Block-F (earlier PEB Media Lab, Block-B)
IIT Kanpur, Uttar Pradesh, India - 208016

Tel. number: 91-512-159-7074 (office)



**सम्पादन सहयोग: प्रो. कांतेश बालानी, प्रो. अर्क वर्मा, सुश्री मैत्रेयी अग्रवाल अभिकल्प: श्री गोविन्द**

**Edited by: Prof. Kantesh Balani, Prof. Ark Verma, Ms. Maitreyi Agarwal Designed by: Mr. Govind**


# Jagriti means awakening and awareness.
# जागृति का अर्थ जागरूकता और सतर्कता है।